98

## बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Fuladev Yadav, (Reg. No. 1200321) Vill-Sananpatti, Post-Auraha, P.S-Laukahi, Distt.-Madhubani, Bihar, Pincode: 847108 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–9499 दिनांक 02.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने के विरूद्ध दिनांक 10.09.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

21/11/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता/संवेदक Fuladev Yadav, Vill-Sananpatti, Post-Auraha, P.S-Laukahi, Distt.-Madhubani, Bihar, Pincode: 847108 एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–02 उपस्थित।

प्रस्तुत मामला MMGSUY योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल, दरभंगा–02 के अधीन Tender ID- 139190 & 139189 की निविदा में संवेदक Fuladev Yadav, (Reg. No. 1200321) द्वारा समर्पित Bank Certificate जाली/फर्जी होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9499 दिनांक 02.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 10.09.2025 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है :–

1. प्रश्नगत निविदा में संवेदक द्वारा Central Bank of India, Bela, Dharbhanga द्वारा निर्गत Bank Certificate समर्पित किया गया।
2. उक्त Bank Certificate के संबंध में Branch Manager, Central Bank of India, Bela, Dharbhanga द्वारा Email के माध्यम से सूचित किया गया है कि Fuladev Yadav के नाम से कोई Solvency Bank Certificate निर्गत नहीं किया गया है।
3. तद्‌लोक में संदर्भित निविदा में फर्जी Bank Certificate समर्पित करने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में निहित प्रावधान के तहत विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9499 दिनांक 02.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया है।
4. उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 10.09.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि संदर्भित निविदा में इनके द्वारा भाग नहीं लिया गया है, बल्कि दूसरे संवेदक द्वारा इनके नाम से निविदा अपलोड कर दिया गया है।

संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के क्रम में प्रस्तुत किये गये साक्ष्य एवं प्रश्नगत निविदा के निष्पादन से संबंधित संचिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि इनके द्वारा संदर्भित निविदा अपलोड नहीं किया गया है, बल्कि संदर्भित निविदा किसी अन्य संवेदक SK Construction And Company द्वारा अपलोड किया गया है। साथ ही उक्त निविदा में EMD के रूप में जमा की गयी राशि संवेदक SK Construction And Company के द्वारा ही जमा किया गया है।

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त Fuladev Yadav, (Reg. No. 1200321) द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन पर विचार करते हुए विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–9499 दिनांक 02.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकरण (Blacklist) आदेश को निरस्त (**Set aside**) किया जाता है। साथ ही निदेश दिया जाता है कि संवेदक SK Construction And Company से स्पष्टीकरण पूछकर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाय।

तदनुसार वाद निष्पादित।

21/11/2025

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–137/2025 12115 /पटना, दिनांक– 1.12.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/12/25

(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–137/2025 12115 /पटना, दिनांक– 1.12.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/12/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–137/2025 12115 /पटना, दिनांक– 1.12.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

1/12/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–137/2025 12115 /पटना, दिनांक 1.12.25

निबंधत

प्रतिलिपिः– संवेदक Fuladev Yadav, Add:- Vill-Sananpatti, Post-Auraha, P.S-Laukahi, Distt.-Madhubani, Bihar, Pincode: 847108 को सूचनार्थ प्रेषित।

1/12/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–137/2025 12115 /पटना, दिनांक– 1.12.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/12/25

सरकार के संयुक्त सचिव